**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के द्वितीय शुक्रवार हेतु निर्धारित डा0 मान सिंह यादव, मा0 सदस्य विधान परिषद द्वारा पूछे गये तारांकित प्रश्न सं0-11 का उत्तरालेख।**

| प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| *11(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि ग्राम सभा-उठगी, तहसील-बारा, जनपद-प्रयागराज के निवासियों की राजस्व संबंधी समस्या का समाधान कराये जाने हेतु प्रश्नकर्ता का पत्र दिनाँक 23 जनवरी, 2025 जो कि मुख्य मंत्री उत्तर प्रदेश को संबोधित था, प्राप्त हुआ है ? | जी हाँ। |
| (ख) यदि हाँ, तो उक्त पत्र में किये गये अनुरोध पर कार्यवाही पूर्ण करा दी गयी है? | जिलाधिकारी प्रयागराज की आख्या दिनांक 25-02-2025 द्वारा अवगत कराया गया है कि प्रकरण के सम्बन्ध में मौके पर जाकर उभयपक्षों की उपस्थिति में स्थलीय एवं अभिलेखीय जांच की गयी। शिकायतकर्ता श्री देशराज प्रजापति द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती रीता देवी के नाम विक्रेता विजय कुमार पुत्र शीतला प्रसाद से ग्राम जोधी मझियारी तहसील बारा, जनपद प्रयागराज के गाटा सं०-207 में कुछ भूमि क्रय की गई है। अभिलेखों में उक्त भूमि पर क्रेता भूमिधर के रूप में दर्ज है तथा क्रेता का कब्जा दखल है। क्रेता एवं विक्रेता के मध्य विवाद निर्माण कार्य किये जाने के सम्बन्ध में है। प्रकरण में विक्रेता द्वारा न्यायालय सिविल जज (क०श्रेणी) इलाहाबाद में वाद सं०-2798/2022 विजय कुमार बनाम रीता देवी योजित किया गया है, जो कि वर्तमान में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि के सम्बन्ध में वाद सिविल न्यायालय में वाद विचाराधीन होने के कारण प्रकरण में प्रशासनिक हस्तक्षेप किया जाना उचित नहीं है। |
| (ग) यदि नहीं, तो कब तक उक्त ग्राम सभा के निवासियों की राजस्व संबंधी समस्या का समाधान करायेंगे ? | उपर्युक्तानुसार। |
| (घ) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ
मुख्यमंत्री, उ0प्र0।